महत्वपूर्ण एवं खास

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बस्तर के 10 हॉकी खिलाड़ियों का हुआ चयन

जगदलपुर (आरएनएस)। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में 03 से 06 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, इस प्रतियोगिता के लिए बस्तर ब्लॉक से 10 हॉकी खिलाड़ियों का चयन हुआ है। अंडर 14 मिनी वर्ग के लिए बस्तर ब्लॉक के माध्यमिक शाला कुड़कानार से गौरी पटेल, लखेश्वरी पटेल, सीमा बघेल, मोहन कश्यप, पारेश्वर मौर्य, रितिक नाग एवं माध्यमिक शाला बोडनपाल 01 से आसमति मौर्य, नीलमनी मौर्य, मीना बघेल, जयश्री बघेल चुने गए हैं। क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल व जनपद सदस्य वैद्यनाथ मौर्य के द्वारा चयनीत बच्चो को हॉकी कीट प्रदान किया गया। शिक्षक व कोच नीरज कुंजाम ने प्रशिक्षण दिया, बीईओ मोती राम कश्यप, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी राजेंद्र ठाकुर, मध्यान भोजन नोडल शैलेंद्र तिवारी, संकुल प्राचार्य सईदा खान, प्रधान अध्यापक खेल सिंह खूटे, अश्वनी नेताम, देवेंद्र ठाकुर, हेमंत ध्रुव, भोला मरकाम, आशीष पांडेय, प्रेम बघेल, गजेंद्र पांडे, मनीराम कोकड़ू, फूलसिंह यादव ने ब्लॉक के बच्चो का चयन होने पर शुभकामनाए दी है।

डायल 112 सेन्ट्रलाईज्ड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर, सिविल लाईन रायपुर में निरीक्षक कम्पनी कमाण्डर से पदोन्नत 72 उप पुलिस अधीक्षक का हुआ भ्रमण

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ डायल 112 सी-4 सिविल लाईन रायपुर में पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) डायल 112 द्वारा निरीक्षक/कम्पनी कमाण्डर से पदोन्नत 72 उप पुलिस अधीक्षकों को डायल 112 का कार्य प्रणाली एवं उपलब्धि एवं कार्य विधि के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सायबर) कवि गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक के.पी.एस. धुर्वे, र.नि. रवि उपाध्याय उपस्थित रहे।

एक अक्टूबर, 2021 से लागू नई रेलवे समय-सारणी की कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले कुछ रेलवे स्टेशनों की समय सारणी में 01 अक्टूबर, 2021 से आंशिक परिवर्तन किया गया हैं । गाडियों के परिचालन में प्रस्थान से आगमन तक के समय में गति बढाते हुये कई घंटो की परिचालन समय की बचत होती है। दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 से लागू होने वाली नई रेलवे समय-सारणी में इस रेलवे से होकर होकर गुजरने 18 गाड़िया का परिचालन समय दक्षिण पूर्व रेलवे के कुछ स्टेशनों में 01 अक्टूबर, 2021 से बदलाव किया गया है । अन्य स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी । जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

नहर में तैरती अज्ञात महिला का शव मिला

कवर्धा (आरएनएस)। सरोधा बांध से निकलने वाली नहर के पानी में तैरती लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। कवर्धा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरबना के पास नहर में लगभग 40 वर्षीय महिला की लाश मिली है जानकारी तब हुई जब सवेरे खेत मे काम करने जाने वालों ने देखा।महिला की पहचान नही हो पाई है महिला की लाश दो दिन पुरानी बताई जा रही है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना कोतवाली में दी मौके पर पुलिस पहुंच लाश को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे विवेचना कर पता साजी में जुट गई है।

ग्रामीण व्यवस्था को जानने और समझने अब स्कूली बच्चे जाएंगे गांवों के अध्ययन-भ्रमण पर

» गांधी जी के आत्मनिर्भर ग्राम की परिकल्पना से होंगे अवगत

» सुराजी गांव योजना, खेती-किसानी, रोजगार, स्वच्छता, पर्यावरण जैसे विषय बच्चे करेंगे केस स्टडी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने वाली शिक्षा प्रदान करने की विशेष पहल शुरू की गई है। इसी पहल के तारतम्य में स्कूली बच्चों को गांव की अध्ययन-भ्रमण पर ले जाए जाने की योजना है। स्कूली बच्चे गांव के अध्ययन-भ्रमण के दौरान ग्रामीण जनजीवन, खेती-किसानी, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बुनियादी सपनों को पूरा करने के लिए उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों के बारे में जानेंगें। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के गांवों के अध्ययन-भ्रमण को लेकर विस्तृत रूप रेखा तैयार की गई है, जिसमें कक्षा 5वीं से 12वीं तक बच्चों को गांवों का भ्रमण कराया जाएगा और उनके शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में ग्रामीण जनजीवन, खेती-किसानी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन जैसे मुद्दे शामिल किए जाएंगे।

यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गांधी जी की ग्राम सुराज की परिकल्पना के आधार पर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के अंतर्गत नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, लघु वनोपज के संग्रहण एवं प्रसंस्करण के माध्यम से स्थानीय संसाधनों के संरक्षण एवं सदुपयोग से ग्रामीण जनजीवन को खुशहाल और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्कूली बच्चे ग्राम भ्रमण के दौरान गांधी जी के आदर्शों एवं सिद्धांतों से बच्चों का अवगत करवाए जाने, बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता, नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी, जल संरक्षण और मृदा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक हासिल करेंगे। इस अध्ययन-भ्रमण के माध्यम से बच्चों को ग्रामीण जनजीवन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संबंध में छोटे-छोटे प्रोजेक्ट उनके शैक्षणिक के अनुरूप दिए जाएंगे।

ग्राम भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, इच्छुक पालक एवं ग्रामीण विकास योजनाओं से जुड़े अधिकारी साथ रहेंगे और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे। विद्यार्थी गांव में घूमकर वहां के किसानों, परिवारों, विभिन्न स्व-रोजगार से जुड़े स्थानीय व्यवसायियों, लोक कलाकारों और पंचायत के निर्वाचित सदस्यों से मिलकर चर्चा करेंगे।

विद्यार्थी किसानों से चर्चा कर उनसे खेती-बाड़ी, फसलों की जानकारी लेंगे। किसानों को गौपालन से खेती में क्या लाभ मिलाता है और वर्तमान में उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कौन-कौन सी नई योजनाएं संचालित है, इसकी भी जानकारी हासिल करेंगे। गांवों के स्वच्छता के बारे में चर्चा की जाएगी और गांवों को कैसे स्वच्छ रखा जाता है यह भी देखने और समझने का प्रयास बच्चे करेंगे। गांवों में ऐसे कौन-कौन स्थान है, जहां से गंदगी का खतरा होता है और उससे कैसे बचा जा सकता है ? सफाई के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कैसे की जानी है ?

ग्राम भ्रमण के दौरान विद्यार्थी विभिन्न व्यवसायों की जानकारी भी लेंगे और अपने शिक्षक से स्वयं इस प्रकार की विभिन्न व्यवसायों के बारे में जानेगें और सीखेंगे। वे महिला स्व-सहायता समूहों से चर्चा कर उनके द्वारा स्व-रोजगार के माध्यम से आर्थिक विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेंगे। विद्यार्थी गांव में घूम-घूमकर नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना का अवलोकन करेंगे।

यूपी चुनाव के लिए मुख्यमंत्री बघेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाये गये

» पूरा प्रयास रहेगा कि शीर्ष नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतर सकूं-बघेल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। श्री बघेल को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पयवेक्षक बनाया गया है। श्री बघेल ने इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि पूरा प्रयास रहेगा कि शीर्ष नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतर सकूं।

एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अपने हस्ताक्षर से जारी आदेश में मुख्यमंत्री श्री बघेल को यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संगठन द्वारा मिली इस जिम्मेदारी के बाद ट्वीट कर लिखा कि राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी ने उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मुझे पर्यवेक्षक होने का निर्देश दिया है। बड़ी जिम्मेदारी है पूरा प्रयास रहेगा कि शीर्ष नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतर सकूं। परिवर्तन का संकल्प, कांग्रेस ही विकल्प।

ज्ञात हो कि यूपी में इससे पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था, वहीं तात्कालीन सपा सरकार को भी बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी थी। चूंकि छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 साल के चक्रव्यूह को भूपेश बघेल की सरकार तोड़ने में कामयाब रही और वो भी ऐतिहासिक सीटों से।

सिरपुर के रायकेरा तालाब में सैलानियों के लिए मोटर बोट शुरू

» राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती पर आज मैकेनाईज मोटर बोट का हुआ लोकार्पण

महासमुंद (आरएनएस)। राष्ट्रपिता 'महात्मा गांधी जयंती'' के अवसर पर सिरपुर के रायकेरा तालाब में सैलानियों के लिए मोटर बोट शुरू हो गयी। मैकेनाईज मोटर बोट एवं फ्लोटिंग जे.टी. का आज इसका लोकार्पण हुआ। इस दौरान मेसर्स अक्षांश वाटर स्पोर्ट्स के संचालक को अतिथियों द्वारा चॉबी सौंपी गयी। इसके साथ ही आज से सैलानियों को इसकी सुविधा मिलने लगेगी। अतिथियों ने बोट से तालाब की सैर की। इस दौरान संसदीय सचिव एवं महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, जनपद सदस्य अरूण चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष मती त्रिलोकी ध्रुव, स्काऊट गाईड के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सेवन लाल चंद्राकर, कलेक्टर डोमन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत आकाश छिकारा, सरपंच ग्राम पंचायत ललित ध्रुव, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद थे। इस पर लगभग 31 लाख रुपए व्यय हुआ है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद माह मई से कार्य शुरू हुआ था। पूरे कार्य को 5 माह के भीतर ही पूरा कर लिया गया। मोटर बोट में घूमने की दर (टिकट) प्रति व्यक्ति 50 रुपए और अवयस्क बच्चों के लिए 25 रुपए निर्धारित किया गया है। तीन साल से कम उम्र के बच्चों का कोई टिकट नहीं लगेगा। सुन्दर सुगंधित उपवन वाटिका भी तैयार की जा रही है। इसके साथ सैलानियों को सिरपुर के ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ लोगों को जैव विविधता का एहसास भी होगा।

सिरपुर, डोंगरगढ़ और मैनपाट को टूरिज्म सर्किट से जोडने की तैयारी की जा रही है। पर्यटन सर्किट से जुड़ जाने से इस ओर सैलानियों का रूझान बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद (राठी) स्कूल में प्रयोगशाला, ग्रन्थालय का किया उद्घाटन

» मुख्यमंत्री ने स्कूल में इंडोर हाल और उद्यान बनाने की घोषणा की

» बेमेतरा के स्वामी आत्मानंद स्कूली छात्रों को मिली प्रयोगशाला, ग्रन्थालय की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आज बेमेतरा में संचालित शासकीय स्वामी आत्मानंद (राठी) अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रयोगशाला, ग्रन्थालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व बघेल ने महात्मा गांधी और स्वामी आत्मानंद के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री बघेल ने बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की मांग पर विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शैक्षिणिक सुविधा के लिए इंडोर हाल और उद्यान बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री बघेल ने उद्घाटन कार्यक्रम के बाद स्कूली विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी पर अधारित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के बाल्यावस्था, स्कूली जीवन और स्वतत्रंता आंदोलन, साबरश्रीमती आश्रम में बिताए पलों पर अधारित जीवंत झांकी की प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री बघेल को मंत्रमुग्ध कर दिया। बघेल ने विद्यार्थियों को गांधी जयंती की बधाई देते हुए उनके आदर्शो, सत्य और अंहिसा के मार्गो पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा, कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान, प्राचार्य श्रीमती सुदेशा चटर्जी सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिका, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किए।

मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों से वन टू वन बात कर विद्यालय में अध्ययन, अध्यापन और शैक्षिणिक गतिविधियों की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री बघेल ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के ग्रामीण और शहरी सभी वर्गो के आने वाली पीढ़ियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अंग्रेजी माध्यम के शासकीय स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय, विकासखंड मुख्यालयों में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जा रहे है।

शहर से लेकर कस्बों में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने से समाज के सभी वर्गो के साथ-साथ गरीब तबके के विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद के तर्ज पर अब जिला और ब्लॉक मुख्यालय में हिन्दी माध्यम के स्कूल खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद जी के जीवन के बारे मे विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए विस्तार से जानकारी दी।

आयुष्मान कार्ड बनाने में कांकेर जिला राज्य में प्रथम

कांकेर (आरएनएस)। आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में कांकेर जिला राज्य में पहले स्थान पर है, जिले में 07 लाख 23 हजार 251 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 05 लाख 12 हजार 899 राशन कार्डधारी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। लक्ष्य का 71 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना कर कांकेर जिला राज्य में पहले स्थान पर है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डां.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की तिथि बढ़ा दी गई है, जिले में अब 31 अक्टूबर तक आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। कलेक्टर चन्दन कुमार ने जिले के ऐसे समस्त नागरिकों से अपील किया है कि जिन्होंने अब तक अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है,वे सभी हितग्राही अपने निकटतम च्वाइस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला अस्पताल में जा कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लेवें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर ले जाना आवश्यक है।

गेवरा से इतवारी स्पेशल ट्रेन को दुर्ग स्टेशन में 20 मिनट का ठहराव दिया जाएगा

कोरबा (आरएनएस)। गेवरा से इतवारी के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को माह अक्टूबर में दो दिन दुर्ग स्टेशन में 20 मिनट का ठहराव दिया जाएगा। इस रूट पर दुर्ग-गोंदिया लाइन पर पूरे माह आवश्यक रख-रखाव किया जाना है। इसी के चलते आठ व 22 अक्टूबर को पड़ रहे दो शुक्रवार को यह ट्रेन दुर्ग में नियंत्रित की जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग.गोंदिया.कलमना रेल खंडों में आवश्यक रखरखाव कार्य होने के कारण कुछ यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के नागपुर रेल मंडल में डाउन एवं अप रेल लाइनों पर मशीन के माध्यम से यह आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाना है। यह कार्य एक से 31 अक्टूबर प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को चार घंटे के लिए किया जाएगा। इस कार्य के चलते कुछ ट्रेनें पूर्वनिर्धारित समय की बजाय विलंब से रवाना की जाएगी। इसके फलस्वरूप प्रभावित होने वाली ट्रेनों में कोरबा से परिचालित होने वाली गेवरारोड से छूटने वाली ;ट्रेन नंबर. 08239द्ध गेवरारोड.इतवारी स्पेशल भी शामिल है। इसी क्रम में गेवरा.इतवारी स्पेशल को बीच में नियंत्रित किया जाएगा। गेवरारोड से छूटने वाली गेवरारोड. ईतवारी स्पेशल को आठ एवं 22 अक्टूबर ;शुक्रवारद्ध को दुर्ग में 20 मिनट नियंत्रित किया जाएगा।

इस कार्य के असर से वापसी के समय भी यह स्पेशल ट्रेन प्रभावित रहेगी। ट्रेन को उसके प्रारंभिक स्टेशन से देर से रवाना किया जाएगाए ताकि संबंधित रेलखंड में किए जाने वाले कार्य बाधारहित पूरे किए जा सकें और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की समस्या निर्मित न हो। परिणाम स्वरूप आगामी माह में नौ एवं 23 अक्टूबर शनिवार को इतवारी से छूटने वाली ईतवारी.बिलासपुर स्पेशल ट्रेन नंबर.08240 को इतवारी स्टेशन से एक घंटे देरी से रवाना की किया जाएगा। इसके चलते ट्रेन में बिलासपुर की ओर आने वाले यात्रियों को कुछ परेशानी हो सकती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत शौकतसेव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता शौकतसेव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ शासन एवं अन्तर्राष्ट्रीय निकाय के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, प्रकृतिक आदि-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु पर संघ मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहयता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आत्मनिर्भर गांव का महात्मा गांधी का सपना हो रहा पूरा, सिकोला में बिजली भी बनाई ग्रामीणों ने

» गोबर से बनाई बिजली और रोशन किया महात्मा गांधी की मूर्ति को

दुर्ग (आरएनएस)। पाटन ब्लाक का ग्राम सिकोला आज गांधी जयंती के दिन एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना, इस दिन पहली बार बिजली जैसी चीज ग्रामीणों ने गांव में ही पैदा कर ली। गांव में बने गोबर के प्लांट से ग्रामीणों ने बत्ती जलाई। यह बत्ती महात्मा गांधी की मूर्ति के समीप जलाई गई। महात्मा गांधी की मूर्ति से ग्रामीण आत्मनिर्भरता के प्रकाश से रोशन हुई। यह रोशनी बेहद अहम है क्योंकि महात्मा गांधी आत्मनिर्भर गांव का सपना देखते थे, आधुनिक समय में आत्मनिर्भर गांव के लिए तकनीक बेहद अहम है बिजली जैसी चीजें अब ग्रामीण अपने प्राकृतिक संसाधनों से बना सकते हैं इसकी शुरुआत ग्राम सिकोला से की गई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने बड़ा काम किया है आप लोगों ने महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने की दिशा में काम किया है। आत्म निर्भर गांव के लिए यह बहुत आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली जैसी चीजों का न केवल उत्पादन हो अपितु ग्रामीण बिजली का विक्रय भी कर सकें। बिजली अब केवल केंद्र सरकार और राज्य सरकार या बड़ी कंपनियों के उत्पादन का क्षेत्र नहीं रह गया। अब गांव का बैसाखू भी बिजली का उत्पादन कर सकेगा। ग्रामीणों से की चर्चा- इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। सिकोला की धनेश्वरी साहू ने बताया कि हम लोग आप गोबर से बिजली बना रहे हैं हम लोग बहुत खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा क्या इसके साथ ही वर्मी कंपोस्ट भी बेच रहे हो। धनेश्वरी ने बताया कि हम लोगों ने ढाई लाख रुपए का वर्मी कंपोस्ट भेजा है। उपसरपंच श्री पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय ने गोबर गैस का जो प्लांट लगवाया उससे उससे गांव के 5 घरों का चूल्हा भी जल रहा है। अब बिजली की शुरुआत भी इससे हुई है मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर गांव की दिशा में यह बड़ा कदम है और हम इस कदम की बहुत प्रशंसा करते हैं।

इस दौरान श्री चैतन्य बघेल, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री अश्विनी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री आशीष वर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई सिन्हा और जनपद उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे भी उपस्थित थे। साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्री सच्चिदानंद आलोक, एसडीएम श्री विपुल गुप्ता एवं सीईओ जनपद सीईओ श्री मनीष साहू भी मौजूद थे।